हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 25 अगस्त 2025 समय 1810

मुख्य समाचार :-

- गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान 130वें संशोधन विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की।
- आज से 8 सितम्बर तक 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है।
- हरियाणा के राष्ट्रीय दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के उप- निदेशक ने लोगों से नेत्रदान की अपील की।
- फरीदाबाद में आज बाल विवाह निषेध और महिला अधिकारों को लेकर लोगों को जागरूक किया गया।
- केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने एशियाई निशानेबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतने वाले कपिल बैंसला को सम्मानित किया।

****************************************************************
**********

गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान (130वें संशोधन) विधेयक का विरोध करने के लिए विपक्षी दलों की आलोचना की है। एक समाचार एजेंसी को दिए साक्षात्कार में, श्री शाह ने आरोप लगाया कि विपक्षी नेता जेल में रहते हुए भी सरकार बनाने और चलाने की कोशिश कर रहे हैं। श्री शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ही इस विधेयक के तहत प्रधानमंत्री पद को लाने पर ज़ोर दिया था।

***"आज भी भारत के जन प्रतिनिधित्व कानून जो है उसके अंदर प्रावधान है, किसी भी चुने हुए प्रतिनिधि को दो साल या इससे अधिक समय के लिए सजा होता है तो वो अपने स्थान से मुक्त हो जाएंगे, सांसद के रूप में। अब उस पर हाईकोर्ट की अपील बाकी है इस पर सुप्रीम कोर्ट की अपील बाकी है। मगर एक मॉरल ग्राउंड तय करने के लिए कानून आजादी मिली तब से बना है।"***

श्री शाह ने पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे पर विपक्ष के सवालों पर कहा कि विपक्ष को इस मुद्दे को ज्यादा नहीं बढ़ाना चाहिए।

***इसमें बात का बतंगड़ नहीं बनाना चाहिए, धनखड़ जी संवैधानिक पद पर बैठे अपने कार्यकाल में उन्होंने संविधान के हिसाब से अच्छा काम किया। इनकी निजी स्वास्थ्य की समस्या के कारण उन्होंने इस्तीफा दिया। इसको ज्यादा खींचकर कुछ ढूंढने का प्रयास नहीं करना चाहिए।***

*******************************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले दिनों जब दिल्ली में विपक्ष की सरकार थी, उस दौरान यमुना नदी की स्थिति बेहद खराब थी। बातें तो बहुत हुईं, लेकिन वास्तव में धरातल पर यमुना को साफ और स्वच्छ करने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। मुख्यमंत्री आज हरियाणा विधानसभा के मानसून सत्र में प्रश्नकाल के दौरान एक प्रश्न पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने इस विषय का संज्ञान लिया है और उनके निर्देश पर हाल ही में दिल्ली में एक बैठक आयोजित हुई, जिसमें वे स्वयं, दिल्ली की मुख्यमंत्री और केंद्रीय जल संसाधन मंत्री उपस्थित रहे। इस बैठक में यमुना नदी की स्वच्छता के लिए एक संयुक्त समिति का गठन किया गया है और इस पर तेज गति से कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले चार महीनों में यमुना से 16,000 मीट्रिक टन कचरा निकाला गया है। उन्होंने कहा कि यमुना को स्वच्छ बनाने के लिए दिल्ली में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट भी स्थापित किए जा रहे हैं।

*******************************************************************************

आज से 8 सितम्बर  तक देश भर में 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को नेत्रदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है ताकि उन लोगों को दृष्टि दी जा सके जिनको कॉर्निया के प्रत्यारोपण की जरूरत है। हरियाणा के राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टि क्षीणता नियंत्रण कार्यक्रम के उप- निदेशक डॉक्टर जगदीप सिंह बसुर ने आज राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के शुभारंभ पर आकाशवाणी समाचार से बातचीत में बताया –

आँखों की पुतली को नुकसान होने के कारणों और बचाव को लेकर एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने बताया –

डॉ जगदीप ने सभी से अपील की कि वो नेत्रदान अवश्य करें एक व्यक्ति के नेत्रदान करने से दो व्यक्तियों को दृष्टि मिल सकती है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत के मुकाबले अभी उत्तरी भारत नेत्रदान में अभी पीछे है फिर भी हरियाणा में गत वर्ष 1624 लोगो ने नेत्र दान किए हैं।

*****************************************************************************

फरीदाबाद जिले में आज राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े के पहले दिन निःशुल्क नेत्र-जाँच शिविर और जागरूकता रैलियां आयोजित की गईं। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन, चिकित्सक और आम नागरिक शामिल हुए।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आहूजा और अन्य चिकित्सकों ने लोगों से नेत्रदान करने और दूसरों को नेत्रदान के लिए प्रेरित करने की शपथ लेने का आग्रह किया।

*****************************************************************************

फरीदाबाद में आज बाल विवाह निषेध और महिला अधिकारों को लेकर एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय नागरिकों, खासकर महिलाओं और युवाओं को बाल विवाह को लेकर उनके अधिकारों और कानूनी प्रावधानों से परिचित कराना था। बाल विवाह सुरक्षा अधिकारी हेमा कौशिक ने जागरूकता कार्यक्रम में बाल विवाह के दुष्परिणामों और इस से जुड़े कानूनों पर विस्तार से जानकारी दी।

श्रीमती हेमा कौशिक ने जागरूकता कार्यक्रम से पहले आकाशवाणी समाचार को बताया –

उन्होंने कहा कि बाल विवाह बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा और भविष्य के लिए गंभीर खतरा है । उन्होंने सभी नागरिकों से आह्वान किया कि इस कुप्रथा को रोकने में सहयोग करें।

*****************************************************************************

फरीदाबाद में केंद्रीय राज्यमंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने हरियाणा के युवा खिलाड़ी कपिल बैंसला को 16 वीं एशियाई निशानेबाजी प्रतियोगिता में शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। प्रतियोगिता में उसने भारत को पहला स्वर्ण पदक दिलाया ।

श्री गुर्जर ने कपिल को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि कपिल जैसे खिलाड़ी युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं।

इस अवसर पर कपिल बैंसला ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा –

कपिल बैंसला के कोच श्री आकाश डागर ने आकाशवाणी समाचार से बातचीत में कहा –

*****************************************************************************

कजाकिस्तान में हुए एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पदक जीत कर हरियाणा का नाम रोशन करने वाले अंबाला शहर के आदित्य मालरा का उसके परिजनों ओर खिलाडियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस अवसर पर आदित्य मालरा ने आकाशवाणी समाचार को बताया –

आदित्य के कोच अभिषेक राणा व गौरव ने बताया कि आदित्य इस समय भारत में सीनियर वर्ग खिलाड़ियों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर है और पिछले साल वह पहले स्थान पर था। कजाकिस्तान के शिमकेंट शहर में 14 अगस्त से एशियाई निशानेबाजी प्रतियोगिता कराई जा रही है जो 30 अगस्त तक चलेगी।

*****************************************************************************